# 5 चक्कर के बाद भी लैंड नहीं कर सका विमान

## कोहरे का कहर
## दृश्यता 500 मीटर से भी कम, रांची आने-जाने वाली 20 उड़ानें रद्द

### विमानों के रद्द होने से यात्रियों में था आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में छाए घने कोहरे की वजह से देश के अलग-अलग हिस्सों से आने और रांची से अन्य राज्यों को जाने वाले विमानों को रद्द करना पड़ा। कम से कम 20 विमान रद्द हो गए। इसमें 12 विमान रांची आने वाले थे, जबकि रांची से जाने वाली 8 फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विमानपत्तन पर विजिबिलिटी (दृश्यता) 500 मीटर से भी कम रह गयी थी। इसलिए 20 विमानों को रद्द करना पड़ा। एक विमान पांच चक्कर लगाने के बाद हैदराबाद चला गया। हैदराबाद-रांची इंडिगो की फ्लाइट 10:30 बजे रांची पहुंची। लेकिन, विजिबिलिटी की कमी की वजह से इस विमान को लैंड नहीं करवाया जा सका। इंडिगो की यह फ्लाइट काफी देर तक रांची के आसमान में उड़ान भरती रही। पांच चक्कर लगाने के बाद भी जब पायलट को लगा कि यहां लैंड करना संभव नहीं है, तो फ्लाइट को वापस हैदराबाद लौटना पड़ा।

**यात्रियों में देखा गया भारी आक्रोश, एयरलाइंस ने की ये व्यवस्था :** डेढ़ दर्जन से अधिक विमानों के रद्द होने की वजह से यात्रियों में भारी आक्रोश देखा गया। यात्रियों के गुस्से को देखते हुए विमानन कंपनियों ने उनके लिए नाश्ता और भोजन का प्रबंध किया। दूर-दराज से आए यात्रियों के लिए अलग-अलग होटल में उनके ठहरने का भी इंतजाम एयरलाइंस कंपनियों ने किया।

मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद से आने वाले विमानों को रद्द करना पड़ा, जबकि बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली के विमानों को कैंसल कर दिया गया। बता दें कि 18 जनवरी को रांची से 27 जोड़ी फ्लाइट्स शेड्यूल्ड थीं। इनमें से 20 को रद्द कर देना पड़ा। सिर्फ एक फ्लाइट की गुरुवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग हो सकी। शुक्रवार (19 जनवरी) के लिए 22 जोड़ी फ्लाइट्स शेड्यूल्ड हैं।





### रांची में फ्लाइट की लैंडिंग के लिए कितनी विजिबिलिटी की जरूरत?

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर किसी भी विमान की लैंडिंग के लिए कम से कम 1000 मीटर की विजिबिलिटी होनी चाहिए। छोटे विमान 900 से 1000 मीटर की विजिबिलिटी में भी लैंड कर सकते हैं, लेकिन बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए 1400 से 1500 मीटर विजिबिलिटी होनी चाहिए। लेकिन गुरुवार को रांची एयरपोर्ट पर दृश्यता 500 मीटर से भी कम रह गयी थी।

### गुरुवार को रांची आने वाले ये विमान हुए रद्द

- मुंबई-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 8:30 बजे।
- दिल्ली-रांची इंडिगो की फ्लाइट 8:50 बजे।
- दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस सुबह 9:55 बजे।
- बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस के 11:25 बजे।
- अहमदाबाद-रांची इंडिगो की 16:15 बजे।
- शाम 16:50 बजे की बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस।
- शाम 17:25 बजे की दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट।
- बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, जो शाम को 18:55 बजे बेंगलुरु से रांची आती है।
- दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस की 17:25 बजे वाली फ्लाइट।
- बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट, जो शाम को 18:55 बजे रांची आती है।
- दिल्ली-रांची इंडिगो की रात 20:00 बजे की फ्लाइट।




### गुरुवार को रांची से जाने वाले ये विमान रद्द

- रांची-बेंगलुरु इंडिगो की सुबह 8:50 बजे की फ्लाइट।
- रांची-मुंबई एयर इंडिया एक्सप्रेस की सुबह 9:00 बजे की फ्लाइट।
- रांची-दिल्ली एयर इंडिया एक्सप्रेस की सुबह 10:25 बजे वाली फ्लाइट
- रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस की 12:00 बजे की फ्लाइट।
- रांची-दिल्ली एयर इंडिया एक्सप्रेस के 13:20 बजे की विमान।
- रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस के 17:45 बजे की विमान।
- रांची-दिल्ली एयर इंडिया एक्सप्रेस की 17:55 बजे की फ्लाइट।
- रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस की 19:45 बजे की फ्लाइट।

## आदिवासी संगठनों का आज राजभवन के पास पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन

### इडी को आदिवासी संगठनों की चेतावनी, सीएम के खिलाफ लिया एक्शन तो होगा विद्रोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के बाद 20 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम उनके आवास पर बयान दर्ज करने के लिए जाने वाली है। इससे पहले ही दबाव वाली राजनीति शुरू हो गई है। कई आदिवासी संगठनों ने ऐलान कर दिया है कि अगर सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह का बिगुल फूंक दिया जाएगा। अगर गलत हुआ तो पूरे झारखंड में आग लगेगी उसकी आंच में सिर्फ वैसे लोग जलेंगे जो ईडी का समर्थन करते हैं। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने राजधानी के धुमकुड़िया भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि केंद्र के इशारे पर ईडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। ईडी सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई कर रही है। इसके पीछे हेमंत सरकार को अस्थिर करने की साजिश है। इसकी वजह से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि समन की आड़ में मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इतने दिनों तक ईडी ने जो जांच किया है, उसका क्या हुआ। अबतक किसी तरह का खुलासा क्यों नहीं हुआ। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 19 जनवरी को राजभवन के सामने कई आदिवासी संगठनों के बैनर तले पारंपरिक हथियार के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। अजय तिर्की का कहना है कि इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लोहरदगा, गुमला, खूंटी, तमाड़, रामगढ़, हजारीबाग, रांची के अलावा अलग-अलग शहरों से भी लोग आ रहे हैं।

## आरयू के आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिले। मुलाकात करने गये शिक्षकों की संख्या लगभग 250 थी। कुलपति से मिलकर ज्ञापन दिया और कहा कि अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के साथ मर्ज करने की घोषणा का विरोध किया है। विरोध करने गए शिक्षकों ने कहा कि आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया अतिथि शिक्षकों से बिलकुल भिन्न है। इसलिए अतिथि शिक्षकों का विलय आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के साथ नहीं किया जाए। हालांकि कुलपति ने स्पष्ट कहा कि मेरी ऐसी कोई मनसा नहीं है और न ही मीडिया को कोई बयान दिया है। अतिथि सहायक अध्यापक खुद ऐसी खबर मीडिया से निकाल रहे हैं। इससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

### संत जेवियर स्कूल के शिक्षक व छात्र मिलकर बनायेंगे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रांची।** संत जेवियर स्कूल डोरंडा के छात्र और शिक्षक अपनी उपलब्धी से अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी में हैं। दरअसल 21 से 23 जनवरी तक लगातार 48 घंटे का अब तक का सबसे लंबा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास का आयोजन होना है। इससे पहले सबसे लंबी अवधि 24 घंटे की है, जिसे ध्वस्त करने के लिए विद्यालय के प्लस टू कॉर्डिनेटर व कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष संतोष कुमार ने पूर्व में बने वर्ल्ड रिकॉर्ड को चुनौती दी है। 48 घंटे की इस सफलतापूर्ण आयोजन के बाद उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 21 जनवरी की सुबह 9 बजे से होगी, जो 23 जनवरी की सुबह 9 बजे तक चलेगी। इस दौरान 10वीं, 11वी और 12वीं के छात्रों को अलग-अलग बैचों में विभाजित कर पढ़ाया जाएगा। प्रत्येक बैच की अवधि चार घंटे की होगी, जिसमें छात्रों को जावा प्रोग्रामिंग सिखाया जाएगा, इस दौरान बच्चों की प्रैक्टिकल भी ली जाएगी इसके लिए सभी बच्चों के समक्ष कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं भाग लेने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## सिख पंथ के सरदार इंद्रजीत सिंह एवं सरदार सूरज सिंह नलवा हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सिख पंथ की महान शख्सियत सरदार इंद्रजीत सिंह एवं सरदार सूरज सिंह नलवा को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने में सम्मानित किया। तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना के जनरल सेक्रेटरी सरदार इंद्रजीत सिंह एवं अध्यक्ष,पूर्वी भारत,तख्त हरमंदिर साहिब पटना के सरदार सूरज सिंह 'नलवा' को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने पटना साहिब में गुरूवार को सम्मानित किया। सत्संग सभा के सचिव मनीष मिढ़ा ने बताया कि टाटा नगर निवासी सरदार इंद्रजीत सिंह नम्र स्वभाव के और बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्तित्व हैं। बचपन से ही धार्मिक कार्यों में रुचि के अलावा वे साइकिलिंग के गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं और रांची के साथ उनका विशेष लगाव है। सत्संग सभा की ओर से इंदर मिढ़ा ने सरदार इंद्रजीत सिंह को एवं आशु मिढ़ा ने सरदार सूरज सिंह नलवा को सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सदी की ऐतिहासिक उपलब्धि : पंचम सिंह

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पंचम सिंह को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। पंचम सिंह ने विशेष निमंत्रण मिलने पर राम मंदिर ट्रस्ट और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम आस्था और विश्वास के प्रतीक ही नहीं बल्कि भारतीय जनमानस के लिये लोकमंगल, त्याग और सदाचार के प्रतीक भी हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इस सदी की ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह तिथि भारतीय जनमानस में चिरकाल तक अंकित रहेगी।

### एमजी मोटर इंडिया खेलों में प्रतिमा बरवा का समर्थन किया

**रांची।** ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को समर्थन देता है। 44 वर्षीय प्रतिमाए झारखंड के सिमडेगा में युवा लड़कियों को कोचिंग देती हैं। एमजी सेवा के तहतए यह पहल अपने समुदाय और उससे आगे के युवाओं के बीच खेल कौशल और कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और प्रयास है। एमजी आवश्यक संसाधन और उपकरण उपलब्ध करायेगा, जो राज्य की उभरती होंकी प्रतिभाओं का समर्थन करेगा।एमजी सेवा एक वर्टिकल है जो एक केंद्र बिंदु के रूप में उभरता है, जो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छुक महिलाओं को पर्याप्त सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस प्रतिबद्धता में सबसे आगे काम करते हुये मंच ने महिला एथलीटों के लिए विभिन्न सहायता पहलों का नेतृत्व किया है। प्रतिमा को समर्थन देने पर एमजी रांची के डीलर प्रिंसिपल पुलक सिंघानिया ने कहा कि हॉकी खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में कोच प्रतिमा के साथ आने पर हमें सम्मानित महसूस हो रहा है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

ई–निविदा सूचना सं.: एसईआर–पी–आरएनसी–टीएईके–24–01, दिनांक 16.01.2024, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम एवं इसका स्थान :दो वर्ष की अवधि के लिए रांची मंडल हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से अनुबंध के आधार पर टीएईके के स्थान में परिचारक को किराए पर लेना। कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित): रु.1,34,74,338.11, बयाना राशि: रु. 2,17,400/–, ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 07.02.2024 को 12.00 बजे। वेबसाइट का वर्णन एवं विवरण: www.ireps.gov.in (PR-1038)

## कांके में सरकारी स्कूलों में पीटीएम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के आलोक में गुरुवार को कांके प्रखंड के सभी 124 विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रतिकूल मौसम में भी इस गोष्ठी में अभिवावकों की अत्यधिक संख्या में उपस्थिति स्कूल परिवार के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को प्रदर्शित कर रहा था। प्रखंड के सभी स्कूलों के पीटीएम में सीआरपी बीआरपी बीपीओ बीईईओ कांके अपनी सहभागिता सुनि॰ित किए। इसी क्रम में बीईईओ कांके सुरेश चौधरी एवं बीआरपी कृष्णा प्रसाद ,जीएमएस बीआईटी मेसरा में अभिवावकों को सरकार द्वारा बच्चों के हित के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अविवावकों ने भी विद्यालय विकास के लिए अपनी बातें रखी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। बीआरपी राजेंद्र रजक, जीपीएस मुरूम में, सीआरपी प्रदीप मिश्र उरुगुत्तू में, धर्मेंद्र सिंह नेओरी उर्दू स्कूल में पीटीएम में उपास्थित थे।



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(अपर समाहर्त्ता–सह–प्रशासक (R&R) कार्यालय)**

**ग्राम सभा हेतु आम सूचना**

आर0एण्डआर0 आम सूचना संख्या–154/रा0 हजारीबाग दिनांक 17/01/2024

एतद् द्वारा सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कोयला मत्रांलय, भारत सरकार के निहित आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA दिनांक 08-03-2021 द्वारा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 को गोन्दलपारा कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है। गोन्दलपारा कोयला खनन परियोजना में भू–अर्जन के कारण होने वाले संभावित विस्थापितों/प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदा अपर समाहर्त्ता–सह–प्रशासक (R&R), हजारीबाग के द्वारा तैयार किया गया है एवं इसकी प्रति संबंधित अंचल कार्यालय, प्रभावित ग्राम के मुखिया एवं उपायुक्त–सह–समुचित सरकार के वेबसाइट www.hazaribag. nic.in पर अपलोड किया गया है।

भू–अर्जन के अग्रेतर कर्रवाई हेतु भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–16 (4) एवं (5) के प्रावधानों के अधीन उक्त पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदा का प्रचार–प्रसार एवं परियोजना प्रभावित क्षेत्र के व्यक्तियों के सुझावों/मंतव्य को सुनने एवं अंतिम योजना में समावेश करने हेतु प्रभावित ग्राम पंचायतों में लोक सुनवाई हेतु निम्नरूपेण तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | स्थान | लोक सुनवाई की तिथि | समय | लोक सुनवाई में भाग लेने हेतु प्राधिकृत पदा0/कर्मचारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महुगाई कला | पंचायत भवन महुगांई कला, बड़कागाँव | 02.02.2024 | 11:30 पूर्वा0 | 1. अपर समाहर्त्ता –सह–प्रशासक (आर0 एण्ड आर0) |
| 2. | गोन्दुलपारा | पंचायत भवन गोन्दुलपारा, बड़कागाँव | 05.02.2024 | 11:30 पूर्वा0 | |

ह0/–
अपर समाहर्त्ता
–सह–प्रशासक (आर0 एण्ड आर0), हजारीबाग

PR 316447 (Revenue)23-24*D

# मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस की तैयारी शुरू

## अर्द्धसैनिक बलों की कई टुकड़ियां परेड रिहर्सल में शामिल रहीं





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। आगामी 26 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में होने वाले समारोह के लिए सुरक्षाबल के जवानों की ओर से की जाने वाली परेड की रिहर्सल शुरू हो गई है। इसमें अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के जवान शामिल हैं। समारोह के दौरान अलग-अलग विभागों की ओर से अलग-अलग विषयों पर झांकी पेश की जाएगी। इसको बनाने का कार्य भी शुरू हो गया है। गणतंत्र दिवस परेड में झारखंड की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली 10 झांकियां शामिल होंगी। गुरुवार को हुए रिहर्सल में सीआरपीएफ, आईटीबी, आर्मी, एसएसबी, जेजे, जैप -01,02,10, होमगार्ड, एनसीसी. (बॉयज/गर्ल),स्काउट एंड गाइड के जवान शामिल थे। बता दें कि बीते शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीसी ने आगंतुकों और प्रतिभागियों के सहज अनुभव के लिए मोरहाबादी की ओर जाने वाली सड़कों की सावधानीपूर्वक तैयारी, समय पर मरम्मत और सफाई के साथ साथ पार्किंग, चिकित्सा सुविधाओं और स्वच्छता आदि को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए थे। डीसी ने कहा था कि लोग झारखंड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परंपरा और विरासत, सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों को देख सकें, इसके लिए वाटरप्रूफ व्यवस्था, ग्राउंड-लेवलिंग, बैरिकेडिंग और मंच निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 8/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 29.01.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक।
(क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
(ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 ।
(ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 30.01.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 30.01.2024 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5. कार्य मद :– Critical Gap
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विशुनपुर | ग्राम तुसरूकोना पंचायत नरमा प्रखण्ड बिशुनपुर में 230 मीटर पी0सी0सी0 पथ का निर्माण | 1820700.00 | 36500.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (30.01.2024 अपराहन 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.316394 Rural Work Department(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष बने नरेश



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राम-जानकी मंदिर प्रांगण में बुधवार को आयोजित अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ पतरातू प्रखंड कमेटी का वनभोज समारोह सह चुनाव संपन्न हुआ। लोगों ने लजीज व्यंजनों को आनंद लिया। नरेश सोनी को निर्विरोध पतरातू प्रखंड का अध्यक्ष चुना गया। मनोज सोनी को प्रखंड सचिव व विजय वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी, उपाध्यक्ष हेमंत वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, अखिलेश सोनी ने जोरदार स्वागत किया। नरेश सोनी, मनोज सोनी व विजय वर्मा ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमसबों को यह कार्यभार सौंपा गया है उसे पूरा करते हुए स्वर्णकार समाज को और बुलंदियों तक ले जाना हमारा लक्ष्य होगा।

### समाज के उत्थान में योगदान दें : जोहरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राम-जानकी मंदिर कैंपस में बुधवार को अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ पतरातू प्रखंड कमेटी का वनभोज हुआ। इसकी अध्यक्षता तरुण वर्मा और संचालन उदय स्वर्णकार ने किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी, उपाध्यक्ष हेमंत वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, अखिलेश सोनी उपस्थित थे। जोहरी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकजुटता जरूरी है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर देते समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर एक-दूसरे के सुख-दुख में संघ के लोगों से सहयोग करने की अपील की। श्री जोहरी ने कहा की हमारा समाज किसी भी मामले में किसी से कम नहीं है। द्वेश व इर्ष्या को दूर हमसभी एकजुट हो जाएं तो समाज और बुलंदियों तक पहुंच जायेगा।

### बच्चों को समय पर भेजें स्कूल



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। सहायक शिक्षक अनिल कुमार रवि ने अभिभावकों से बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे विद्यालय पहुंचे, लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोसो के सीआरपी विनोद कुमार ने अभिभावकों को प्रशिक्षण दिया । बैठक में सहायक शिक्षक कर्मवीर प्रसाद, विनोद बिहारी, विनय कुमार सिंह, ब्रिंजो देवी, अवधेश सिंह, पवन कुमार मुंडा, आशा देवी आदि मौजूद थे।

### राजकुमार ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



कुजू। झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने मांडू प्रखंड अंतर्गत रतवे पंचायत के नीच टोला में 100 केबीए के लगे ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। श्री महतो का स्वागत ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर व बुकें देकर किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व यहां का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसके बाद से बिजली के अभाव में लोग काफी परेशान हो रहे थे। इसके बाद राजकुमार महतो के पहल पर ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इधर राजकुमार महतो ने भी किसी भी तरह के समस्या हो उनके संपर्क करने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया रामेश्वर महतो, आनंद महतो, उत्तम महतो, मोती महतो, केसर लाल महतो, कार्तिक महतो, सुखदेव महतो, नौशाद अंसारी, उषा देवी, बबिता कुमारी, रश्मि देवी, संगीता कुमारी, प्रियंका देवी, जीरू देवी, चारो देवी, सुरेश महतो आदि मौजूद थे।

### गंगा महाआरती की तैयारी में जुटे रोशन चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नलकारी छठ घाट स्थल में 21 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम गंगा महाआरती की तैयारी को लेकर आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने आयोजन स्थल में चल रहे साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने आयोजक मंडली के साथ कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था सहित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत विशेष चर्चा की। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा की भुरकुंडा में पहली बार होने वाली श्री राम गंगा महाआरती की वृहत तैयारी को लेकर आयोजन समिति के लोग काफी मेहनत कर रहे हैं। भुरकुंडा के लिए यह आयोजन अपने आप में ऐतिहासिक होगा। विशेष आकर्षक विद्युत सज्जा, आतिशबाजी, साउंड सिस्टम सहित कई तरह की तैयारियां की जा रही हैं। मौके पर राकेश सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, दीपक अग्रवाल, जगतार सिंह, सलील मोहन सिन्हा, राज नायक, बुधन गोस्वामी, किशोर कुमार, अमित शर्मा, रामश्रृष्ट सहित कई लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ में 60 टन अवैध कोयला और 700 घनफीट बालू हुआ जब्त

## अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण मामले में कार्रवाई

- बिना चलान के कोयले और बालू का हो रहा था परिवहन
- वाहन मालिक, चालक और अन्य पर प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़** । उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी पूरी तरह से एक्शन में है। जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा रामगढ़ जिले के कुजू ओपी एवं बरकाकाना ओपी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध कोयला की तस्करी करते ट्रक, टेलर एवं अवैध बालू ले जाते एक हाइवा को जप्त किया गया। साथ ही चालक को गिरफ्तार करते हुए कोयला एवं बालू के वाहन मालिक, चालक, बिक्रीकर्ता एवं संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ कुजू एवं बरकाकाना ओपी प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। वहीं अवैध खनन कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब कार्रवाई को लेकर निर्देशित दिया। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता को गुप्ता को सूचना मिल रही थी कि अवैध कारोबार किया जा रहा है। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक को निर्देशित किया जिसके बाद खान निरीक्षक के द्वारा कुजू ओपी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग बोंगाबार के पास एक ट्रक एवं एक ट्रेलर को कोयला ले जाते देखा गया। जिसके बाद ट्रक चालक से कागजात की मांग की गयी। चालक द्वारा उपलंध करावाए गए कागजात की जांच की गयी तो बिना ई परिवहन चालान के कोयला ले जाया जा रहा था। वहीं एक ही ई-वे नंबर पर दोना वाहनों पर कोयले की तस्करी की जा रही है। जिस पर कार्रवाई करते हुए लगभग 60 टन कोयला समेत ट्रक को जप्त कर लिया गया । वहीं चालक मिथलेश कुमार यादव एवं टेलर चालक मेघन प्रसाद दांगी को गिरफ्तार किया गया। बिक्री कर्ता रामकुमार सिंह पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।



### 'नहीं बख्शे जायेंगे अवैध खनन में शामिल लोग'

जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।

### इन पर हुई प्राथमिकी

मिथलेश कुमार यादव, मेघन प्रसाद दांगी (चालक)। लालमोहन बेंदिया, चालक ,बालू परिवहन।
अवैध ब्रिकीकर्ता: राम कुमार सिंह

### ये वाहन हुये जब्त

जेएच02-8770- 30 टन कोयला
एनएल01के-1534- :30 टन कोयला
हाइवा संख्या- :जेएच24के-0116,700 घनफीट बालू।

# 22 को दुल्हन की तरह सजेगा श्रीराम चौक बरही : मनोज यादव

- राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर बरही में मनाया जाएगा आनंदोत्सव
- आरके ट्रेडिंग के संचालक संदीप सेठ होंगे कार्यक्रम के आयोजक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार ने बताया कि अयोध्या में बने भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बरही में आनंदोत्सव मनाया जायेगा।साथ ही 22 जनवरी को रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बरही श्री राम चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता के कलाकारों द्वारा श्री राम चौक को अलौकिक रूप से सजाया एवं संवारा जायेगा।

साथ ही उन्होंने चौक के चारो रोड हजारीबाग रोड, पटना रोड, गया रोड एवं धनबाद रोड में श्री राम चौक का पम्पलेट दीवारों पर चिपकाया और लोगो के बीच पम्पलेट का वितरण भी किया। 22 जनवरी को उक्त कार्यक्रम के आयोजक आर.के. ट्रेडिंग बरही के संचालक संदीप सेठ है। संदीप सेठ ने बताया कि हिंदू समाज ने राम मंदिर को लेकर लंबा संघर्ष किया जो वर्तमान तक चला, आखिर में जीत सच्चाई की हुई। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज इस गौरवशाली पल के लिए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है जिसे देखते हुए उक्त कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मौके पर बरही रामनवमी महासमिति के निवर्तमान अध्यक्ष सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, हनुमान सेना से मेवालाल केशरी, राजकुमार केशरी, अमित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लोकेश ठाकुर, मोती साव, अंजनी अखाडा से राजेश केशरी, अमित साव, सुधीर राणा, दीपक भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

### जगेश्वर प्रजापति ने भाजपा के मनोनीत सदस्यों को दी बधाई



**कुजू।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा राज्य स्तर पर कमिटि के विस्तार किये जाने को लेकर उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मनोनीत सदस्यों को बधाई दी। इस पर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि मनोनीत सदस्यों के मनोनयन से आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव काफी मजबूत हो गयी है। बाबूलाल मरांडी द्वारा जारी किये गये सूची में तीन महामंत्री, एक संगठन महामंत्री, ग्यारह उपाध्यक्ष, दो कोषाध्यक्ष, दस मंत्री, एक कार्यालय मंत्री, तीन मीडिया प्रभारी, दो प्रदेश आईटी संयोजक, एक प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, नौ प्रवक्ता शामिल है।

## ए ला एंग्लाइज स्कूल में रामायण का मंचन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में गुरूवार को रामायण कथा का मंचन किया गया। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने रामायण से जुड़ी झांकियों का मंचन किया। 8वीं कक्षा की छात्रा खुशी कुमारी द्वारा अति मनोरम गीत भी प्रस्तुत की गई। 9वीं की छात्रा रानी कुमारी द्वारा मेरे घर राम आएंगे की गीत ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के किंडर गार्डन के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भगवान श्री राम, भगवान लक्ष्मण, माता सीता एवं महावीर हनुमान और उनके वानर सेना के रूप में जीवंत प्रस्तुति विद्यालय से विद्यालय परिवार को भाव-विभोर कर दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य बिजयंत कुमार और सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने प्रभु श्री राम के तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद आरती व मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। राम कथा के इस दिव्य दिवस पर षष्टी कक्षा के छात्राओं के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। रामचरितमानस की जानकारी, भक्ति की महिमा, अनुशासन और कर्तव्य परायणता पर विभिन्न प्रकार के विषयों पर भाषणों का प्रस्तुति दी गई। 9वीं की छात्रा दिव्यांशु रंजन ने रामायण पर एक लघु लेख प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 8वीं की छात्रा श्रद्धा कुमारी, 5वीं की सैल्वी तिवारी और तृषा बेदिया को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि भगवान राम आदर्श, अनुशासन व कर्तव्य परायणता के अप्रतिम उदाहरण हैं। बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ संस्कृति व धार्मिक धरोहर का भी ज्ञान होना जरूरी है।

### तेज प्रताप सिंह ने वेस्ट बोकारो कोलियरी के जीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** आरटीआई एक्टिविस्ट एवं समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के प्रधान महासचिव तेज प्रताप सिंह ने टाटा स्टील वेस्ट बोकारो कोलियरी महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने ड्रिल मशीन और डंपर की खरीद में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वेस्ट बोकरो में ड्रिल मशीन की खरीदारी में नियमों को ताक पर रखकर अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत सांठगांठ के तहत टेंडर निकालकर खरीदारी की गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि 100 टन डंपर की खरीदारी में इसी प्रकार से सांठगांठ के तहत अनियमितता बरती गयी है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यह सारा खेल प्रबंधन की आंखों में धूल झोंककर किया गया है। उन्होंने मांग्र किया है की इस मामले की एक कमेटी गठित कर जांच करायी जाए और जांच पूरी होने तक और जांच पूरी होने तक हेमांग त्रिवेदी को हेड मेंटनेंस को उनके पद से हटाया जाए।

# हजारीबाग में जाम से मुक्ति के सारे दावे फेल!

## गांधी मैदान सड़क के किनारे बनेगी पार्किंग

**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** यातायात सुधार की दिशा में प्रशासन के दावे आपको रोज फेल होते दिख जाएंगे। शहर के किसी भी रोड पर चलिए, गाड़ियां रेंगती हुई नजर आएंगी। दरअसल प्रशासन इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम उठाने में पूर्णतः असफल रही है। बताया जा रहा है कि हजारीबाग के सबसे भीड़-भाड़ वाले इलाके मटवारी स्थित गांधी मैदान के किनारे पार्किंग की सुविधा दी जा रही है। कहा जा रहा है की आए दिन लगने वाली जाम से लोगों को निजात मिल सकेगा। ये बात सुनने में जितनी अच्छी लग रही है दरअसल वैसी नहीं है। कारण यह है कि कोर्रा चौक से डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक तक जाने वाली सड़क चौड़ी नहीं है। बामुश्किल यह सड़क 20 फिट चौड़ी होगी। गांधी मैदान चौक के पास भी ये सड़क उतनी ही चौड़ी है। अब इस जगह पर ठीक सड़क के किनारे अगर पार्किंग के लिए जगह दी जाएगी तो जाम लगेगी या जाम से निजात मिलेगी ये सोचने वाली बात है। इधर जब से पार्किंग बनायीं जा रही है यहां के स्थानीय लोग सकते में हैं। इस मामले पर स्थानीय निवासी व भाजपा कार्यकर्ता रिंकू वर्मा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि यहां की आम-आवाम जाम से परेशान है। लेकिन मटवारी क्षेत्र सड़क किनारे पार्किंग बनाने से जाम से निजात मिलने के बजाय और परेशानी बढ़ेगी। पार्किंग से लोगो की दुकानदारी प्रभवित होगी। भविष्य में दूकान लगाने को लेकर स्ट्रीट वेंडर और दुकानदारों में विवाद उत्पन्न होगी। यहां खाली स्थान रहने पर त्योहारों में लोग आराम से पार्किंग कर लेते है। पार्किंग बनने के बाद बहुत बड़ी समस्या होगी। इस मामले को लेकर हमने जिला प्रशासन को आवेदन दिया है की पार्किंग ना बनायीं जाये। ये पार्किंग आने वाले समय में लोगों के लिए जी का जंजाल साबित होगा।



फुटपाथ पर बनाया जा रहा पार्किंग।

### बड़ा सवाल : 20 फीट चौड़ी सड़क किनारे पार्किंग से कैसे मिलेगी जाम से मुक्ति



मटवारी क्षेत्र में सड़क किनारे पार्किंग बनाने से और परेशानी बढ़ेगी : रिंकू वर्मा

## एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार डा.शैलेश शर्मा का निधन हजारीबाग प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि




**हजारीबाग।** करीब चार दशक तक पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से कामर्स संकाय से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डा.शैलेश शर्मा (66 वर्ष) नहीं रहे। उन्होंने मेदांता अस्पताल नई दिल्ली में 18 जनवरी की अहले सुबह करीब तीन बजे आखिरी सांस ली। कुछ दिनों पहले उन्हें रीढ़ की हड्डी में कैंसर डिटेक्ट हुआ था। उनके दो पुत्र, एक पुत्री और पत्नी गीता शर्मा समेत भरा-पूरा परिवार है। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही किया गया। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी मृदुभाषी और अतिसौम्य डा.शर्मा की कर्मभूमि जीवन पर्यंत हजारीबाग रही। उनके आकस्मिक निधन पर झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग में शोकसभा आयोजित की गई। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही परिजनों को दु:ख सहने की क्षमता की ईश्वर से कामना की। श्रद्धांजलि सभा को क्लब के सचिव मिथिलेश मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सह विभावि के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डा.प्रमोद कुमार, डा.प्रसन्न मिश्र, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, विजय पांडेय, अधिवक्ता सह पत्रकार अमित मिश्रा, अनवर फिदवी, आरिफ, मंटू कुमार पांडेय समेत कई पत्रकारों ने संबोधित करते हुए गहरी संवेदना जताई।

### केरेडारी कोयला खनन में हिंसक हमला

**हजारीबाग/केरेडारी।** केरेडारी कोयला खनन परियोजना में 16 जनवरी की शाम नक्सलियों ने किया हमला। नक्सलियों ने एनटीपीसी अधिकारियों पर गोलियां चलाई गईं और खनन मशीनों को नुकसान पहुंचाया। हमला रात 9:14 बजे हुआ, जिससे आस-पास लोगों में सहम गए। साइट पर खनन कर रहे बीजीआर एवं एनटीपीसी अधिकारी सहम गये। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाएं हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाएं खदानों से निरंतर कोयला निकासी से बिजली का सर्वोत्तम स्रोत प्रदान करके राष्ट्र के साथ-साथ राज्य की प्रगति और विकास की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। प्रगति और विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता है, एनटीपीसी ने केरेडारी और बड़कागांव ब्लॉक के स्थानीय समुदाय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। व्यक्तिगत हित में कुछ उपद्रवियों द्वारा किया गया यह संवेदनहीन हमला, एनटीपीसी द्वारा शुरू किए गए विकास के सकारात्मक पथ को अवरोध करने के लिए खतरा है। पिछले एक साल में यह दूसरी जघन्य घटना है, कुछ माह पहले बड़कागांव में एमडीओ रित्विक कंपनी के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। एनटीपीसी के अधिकारी अब भय और अनिश्चितता के माहौल में काम करने को मजबूर हैं।

### विद्यालय बंद को ले डीसी को सौंपा ज्ञापन



**इचाक।** प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि (शिक्षा विभाग) ओमप्रकाश मेहता ने कड़ाके की ठंड और शीतलहरी को देखते हुए जिले भर के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय बंद करने के लिए हजारीबाग के डीसी नैंसी सहाय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ओमप्रकाश मेहता ने जिले के उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि मौसम के बदलते परिवेश के कारण जिले भर में अत्यधिक ठंढ बढ़ गई है। शीतलहर का प्रकोप जारी है। ऐसी विषम परिस्थिति में भी नौनिहाल ठिठुरते कांपते स्कूल जाने को विवश हैं। श्री मेहता ने अत्यधिक ठंड और शीतलहर को देखते हुए 31 जनवरी तक जिले भर के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय में पठन पाठन बंद करने की मांग उपायुक्त से की है। ताकि हमारे नौनिहाल सुरक्षित रहे।

### सह-कोषाध्यक्ष बनने पर जायसवाल को दी बधाई



**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नई कमिटी की घोषणा की। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को प्रदेश सह- कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जायसवाल को मिले नए दायित्व के बाद हजारीबाग के भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार शाम में जैसे ही यह खबर आई तो जायसवाल से मिलने और उनके मोबाइल पर बधाई मिलना शुरू हो गया। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों के जरिए भी लोगों ने बड़ी संख्या में उनकी तस्वीरें साझा करते हुए बधाई दी।

### अडानी फाउंडेशन ने बांटी खेल सामग्री



**बड़कागांव।** अडानी फाउंडेशन के अधीन गोंदलपुरा कोयला खनन परियोजना द्वारा खिलाड़ियों में खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल सामग्री का वितरण कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। हाहे एवं गाली के खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट बैट, बॉल का वितरण किया गया। बैट बॉल के वितरण उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, चेतन साईं एवं संतोष कुमार तिवारी की उपस्थिति में खिलाड़ी रंजीत भोक्ता,अर्जुन भोक्ता, प्रमोद गंझू,अनिल गंझू,नीरज गंझू, राजदीप गंझू,अजीत गंझू पुलुस भोक्ता,शंकर गंझू, राजन गंझू, राजदीप राम, विकास गंझू, संदीप गंझू, मुकेश रिकीश्याम,सुनील गंझू, रुपेश रिकी श्याम,एस मोहम्मद,राजा खान, मोइन रजा, सजीर आलम, महबूब,शकील रजा, वाहिद रजा, अरशद अंसारी, साबिर, माजिद, अमीर आदि के बीच वितरण किया गया।

### अंबाजीत में 22 तक जलेगी अखंड ज्योति

बड़कागांव। ग्राम अंबाजीत में अयोध्या के पूजित अक्षत के वितरण व अखंड ज्योति को लेकर ग्राम भ्रमण ग्रामीणों के द्वारा किया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा श्री राम की जयकारा लगाते हुए ढोल नगाड़ा के साथ नाचते गाते पूरे ग्राम का भ्रमण किया।तत्पश्चात देवी मंडप पहुंचकर अखंड दीप प्रज्वलित किया गया और प्रण लिया गया की आज से 22 जनवरी तक अखंड ज्योति जलता रहेगा।वहीं ग्राम के सभी मंदिरों में भी अखंड ज्योति जलाई जाएगी। 22 जनवरी को भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।अखंड ज्योति का आचार्य आनंद पांडे व ऋषि देव मिश्रा के अनुसार पुजारी दीपक सिंह व रानी देवी के द्वारा पूर्ण किया जाएगा । भ्रमण में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

### दारु प्रखंड में कोहरे का कहर जारी

**दारू।** दारू में बुधवार से ही कोहरे की चादर ओढे है दारू। हालांकि हल्की धूप नजर आई लेकिन बुधवार रात हुई बूंदाबांदी बारिश के बाद ठंड और अधिक बढ़ गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा वही आज शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री बताई जा रही है। गुरुवार को पूरे दिन कोहरे का अधिक असर देखने को मिला पुरे दिन में एक बार भी धूप के दर्शन नहीं हुए। धूप नहीं निकलने का असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ा। बाजार में दुकान तो खुली लेकिन ग्राहकों की भीड़ कहीं देखी नहीं गई।

स्पीड न्यूज

## इटकी : हाइवा के धक्के से बाइक सवार घायल

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी मोड़ के समीप गुरुवार को अपराह्न करीब साढ़े बारह बजे हाइवा की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हाइवा का चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर घटना स्थल पहुंची इटकी पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं क्षतिग्रस्त बाइक और हाइवा को कब्जे कर थाने ले आई है। घायल की पहचान कंगरू एक्का (65 वर्ष) एक रिटायर्ड फौजी के रूप में हुई। वह मांडर थाना क्षेत्र के हरिल गोरखो गांव का निवासी बताया गया है। इधर प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कंगरू अपनी बाइक में सवार होकर इटकी मोड़ के समीप सड़क पार कर रहा था। इसी क्रम में रांची की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे अपने चपेट में ले लिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक के उड़े चिथड़े

**तमाड़।** रांची-टाटा राजमार्ग गागर सोतिया शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना के बाद शव को कुचलते हुए कई वाहन गुजरे, जिससे शव पुरी तरह क्षत .विक्षत हो गया। इसलिए शव का पहचान नहीं हो पाया। घटना गुरुवार अहले सुबह की बतायी जा रही। घटनास्थल पर तमाड़ पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। कागजी प्रक्रिया पुरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थीं।

## ठाकुरगांव : कुआं में डूबने से अधेड़ की मौत

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव निवासी मद्दु महतो 50 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु कुआं में डूबने से हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक विगत शनिवार से ही घर से लापता था। गुरुवार की सुबह गांव के कुआं में ग्रामीणों ने एक शव देखा। मामले की सूचना पुलिस को दिया गया। पुलिस ने शव को कुआं से बाहर निकाला। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है।

## बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के हारिन, पंडाडीह, तिलाईपीडी ओर टांगटांग में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग के कनीय अभियंता मुरली प्रसाद ने हारिन गांव के अक्षय महतो, पंडाडीह गांव के रामेश्वर सिंह मुंडा, सुशांत साहू, संतोष साहू, तिलाईपीडी गांव के महकम महतो, टांगटांग गांव के नरेन्द्र कुम्हार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## मांडर में झपट्टा मार गिरोह सक्रिय

**मांडर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों झप्पट्टा मार गिरोह सक्रिय हैं। कल इस प्रकार की एक घटना मांडर पुलिस की सक्रियता से टल गई, लेकिन आगे भी सावधानी बरतने की जरूरत है। मांडर थाना प्रभारी विनय यादव ने लोगों से अपील की कि घर से बाहर निकले तो अपने बैग, मोबाइल और पर्स सोने के जेवर का विशेष ध्यान रखे। किसी प्रकार की कोई घटना होती है तो तत्काल मांडर थाना के सरकारी नंबर पर फोन कर सकते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव को मातृशोक

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के केशा गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव की माता चरिया उराइन का निधन हो गया। वह 60 वर्ष की थी तथा चार दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिन्हें रिम्स रांची में भर्ती कराया गया था। बुधवार को लगभग 3 बजे उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पति बुदका उरांव, बेटा बुदू उरांव, प्रदेशीय उरांव, बिरजू उरांव, चरवा उरांव व बेटी जितनी उराइन, गुन्दू उराइन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके पैतृक गांव केशा में 12.30 बजे किया जाएगा। इधर भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव के माता के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने शोक व्यक्त किया।

### अभिभावक-शिक्षक की बैठक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर किया गया प्रोत्साहित

# बेड़ो : 18 बालिकाओं के साथ उनके अभिभावक पुरस्कृत

### शिक्षा को लेकर कई मुद्दों पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय व मॉडल स्कूल बेड़ो में बुधवार को अभिभावक शिक्षक बैठक दिवस का आयोजन किया गया। जहां माता पिता एवं अभिभावकों को बच्चों के शिक्षा से जोड़ने उन्हें संवेदनशील बनाने एवं लर्निंग गैप को कम करने उद्देश्य से विद्यालय स्तर बैठक की गई। जहां कई मुद्दों पर चर्चा करते प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो ने कहा कि छात्र-छात्राओं का विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो सके इसके लिए अभिभावकों में भी जागरुकता लाने पर बल दिया। साथ ही बच्चों में अनुशासन पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाली सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन करने बालिकाओं में क्रमशः अनिमा कुमारी, अनुष्का कुमारी, रोशनी कुमारी, सोनी कुमारी, खुशबू, नीलू लकड़ा, मोनिका भगत, गंगी कुमारी, सीमा कुमारी, सरस्वती, अंजनी उरांव, सपना, सोनी उरांव, काजल, नीली, पूजा व राखी समेत कुल अठारह छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ मुखिया सुशांति भगत, प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीखा उरांव ने पुरस्कृत किया। बैठक का संचालन शिक्षक सुनील कुमार दास ने किया। इधर मॉडल स्कूल में भी अभिभावक शिक्षक के साथ मुखिया सुशांति भगतए प्रभारी प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेन की उपस्थिति व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिव शंकर कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। वहीं मुद्दों पर चर्चा करते हुए कक्षा में छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति पर बल दिया गया। वहीं प्रोजेक्ट रेल के बारे में चर्चा की गई।



पुरस्कार के साथ प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो, शिक्षक बसंत कुमार सिंह, कादिर, शिक्षिका श्वेता कुमारी, ममता कुमारी, अंजली कुमारी, राजश्री कच्छप, मंजू कुमारी, रवि कुमार समेत विभिन्न गांवों से आये अभिभावक उपस्थित थे।

## रातू : किन्नर के कमरे से नकद और जेवरात की चोरी

### अलकमर कॉलोनी में अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, सीसीटीवी में चोर कैद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** फुटकलटोली स्थित अलकमर कॉलोनी से बड़ी खबर आ रही है। हाजी हलीम के मकान में बतौर किरायेदार किन्नर गजाला के कमरे की खिड़की में लगे एल्युमिनियम की जाली तोड़ हुकिंग कर अपराधियों ने बैग में रखे 60 हजार नकद और 9.40 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। घटना बीती रात 12 से लेकर गुरुवार सुबह 3 बजे की है। गजाला पुरानी रांची बकरी बाजार निवासी शोभा किन्नर की पुत्री हैं। वह यहां अन्य किन्नर सहेलियों के साथ करीब 5 साल से रह रही हैं। अपराधकर्मी सीसीटीवी में कैद हो गये हैं। मामले को लेकर पीड़िता ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 457 व 380 के तहत कांड संख्या 30/24 दर्ज करायी है। पुलिस तकनीकी सेल से घटना स्थल का कॉल डंप करा रही है। फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिंगर प्रिंट दस्ते की भी मदद ली जा रही है।

**थानेदार ने किया एसआइटी का गठन**

एसआई एनपी यादव कांड के आईओ हैं। थानेदार सपन कुमार महथा ने एसआई सीएन उरांव के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। इसमें एसआई दीनबंधु दुबे, एएसआई धर्मेंद्र कुमार व मनोज कुमार सदस्य बनाये गये हैं। किन्नर के कमरे से चोरी, चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। यहां हत्या, लूट, रंगदारी, चोरी व छिनतई से लोग भयभीत हैं।

## लापुंग में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

### ठंड में कंबल मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत के कोयनारा गांव में गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने सैंकड़ों जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए मेरी तरफ से आप सभी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे बुजुर्ग लोगों को ठंड से राहत मिल सकेगा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। गरीब जब मजबूत हो जाएंगे और देश की मुख्य धारा में शामिल होंगे तो देश का विकास होगा। इसके लिए कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है ताकि कोई भी गरीब परिवार सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे।



ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण करते भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर मुखिया भुचला मुंडा, बंधन लोहरा, बंधना उरांव, सोमनाथ बड़ाईक, राजू बड़ाईक, सालिक बड़ाईक, दिलीप उरांव, तेजुवा उरांव, चामू बड़ाईक, चामू मुंडा, धर्मेंद्र बड़ाईक, भीखराम बड़ाईक, देवचरन लोहरा, वीणा देवी, आरती देवी, हीरामणि देवी, सविता देवी, श्रीमती देवी, चरकु साहू, विजय सिंह, जनार्दन दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## सोनाहातू : घर-घर जाकर दीपोत्सव मनाने का किया गया आह्वान

### व्यावसायिक संघ ने किया अक्षत वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आम लोगों को आमंत्रित करने हेतु गुरुवार को सोनाहातू व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने द्वारा अक्षत वितरण किया गया। अक्षत वितरण के साथ आम लोगों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अक्षत वितरण कार्यक्रम सोनाहातू बाजार में घर.घर जाकर किया गया। लोगों से अपील किया गया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों में दीपोत्सव मनाये। अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने सोनाहातू थाना जाकर प्रभारी सतीश वर्णवाल सहित पुलिसकर्मियों को आमंत्रित किये। संघ के अध्यक्ष धनेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, आंनद स्वर्णकार, आंनद विद, सोहन महतो आदि सदस्यों के साथ धार्मिक लोगों ने सहयोग दिया।



## एक नजर में

## इटकी : रामवि बारीडीह के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**इटकी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने बकासपुर नदीए वन व प्राकृतिक नजरों को देख कर आनंदित हुए। साथ ही विद्यार्थियों इससे संबंधित जानकारी प्राप्त किया। बच्चों ने नाच गान एवं वन भोज का लुत्फ उठाया। शिक्षकों ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण का निबंध लेखन का होम वर्क दिया। इसके उपरांत हर्षोल्लास के साथ सभी विद्यालय पहुंचे। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षकएशिक्षिका एवं प्रशिक्षु शिक्षक व बच्चे शामिल थे।

## नगड़ी : बीओआइ ने चलाया ऋण चुकाओ ऋण पाओ अभियान



**पिस्कानगड़ी।** बैंक ऑफ इंडिया नगड़ी के द्वारा गुरुवार को शिविर लगाकर पांच गांव में ऋण चुकाओ ऋण पाओ अभियान चलाया गया। जिसमे ऋण का समझौता और नया ऋण के लिए आवेदन स्वीकार किया गया। शिविर प्रखंड के नारो, नगड़ी, चिपरा, साहेर, बसील व प्लान्दू में लगाया गया। जिसमें 106 कृषको ने ऋण चुकाया तथा 54 नये आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में 88 लाख के बकाये पर 22 लाख रुपये में समझौता हुआ जिसमें नगद 15 लाख प्राप्त हुआ। मौके पर अंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, ब्रांच प्रबन्धक पास्कल लियो होरो, सुनीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, संतोष कुमार, चन्द्र भानु सिह, मैडम छवि, अभय कुमार, सुमन शर्मा, इमरान अंसारी, सहित बैंक के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तमाड़ प्रगनेत अध्यक्ष कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव ने लिया मेले का जायजा

### तमाड़ : राजबाड़ी में गौरव मेला 22 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** देवत्तर स्टेट राजबाड़ी तमाड़ परिसर में ठाकुर भोलानाथ सिंह व राजा अमरेंद्र नाथ की स्मृति में आगामी 22 जनवरी को गौरव मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला की तैयारी को लेकर एक बैठक तमाड़ प्रगनेत अध्यक्ष कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में निर्णय लेते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस वर्ष राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा अत्यंत गर्व और महत्वपूर्ण का विषय है। इसलिए रामलाल महोत्सव राष्ट्रीय उत्सव के रूप में गौरव मेला का आयोजन किया जायेगा। जो राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मना रही है। संध्या दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर आयोजन मंडली का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कैलाश सेठ, सरदार विमल पातर, राम सिंगार मुंडा, जगमोहन मुंडा मौजूद थे।

**क्रिकेट खिलाड़ियों को मिला बैट-बॉल और विकेट**

**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने सिलागाईं पंचायत के हुरहुरी गांव में होनहार क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच बैट, बॉल और विकेट का बितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## अनगड़ा में कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप ने प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक ने इस क्रम में ग्राम महेशपुर में पलटन चौंक से शहजादा खान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास ग्राम गेतलसूद करंज टोला रोड से हडुवा चटान टोला तक पीसीसी पथ निर्माण बीसा गुंदली टोली में जीवधन बेदिया के घर से बड़बारी तक पीसीसी पथ निर्माण बीसा टुंगरी टोली में चबुतरा निर्माण तथा बीसा पंचायत में बीसा से बुढ़ा कोचा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्याय किया । इस मौके पर श्री कच्छप ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीन विकास करना मेरा लक्ष्य है। वहीं विधायक महोदय ने विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास के दौरान बीसा में अमर शहीद जीतराम बेदिया के आदमकद प्रतीमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित किए।



**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

मौके पर प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा साकीर अंसारी सचिन नायक शफीक अंसारी मुखिया रोशन लाल मुंडा मुमताज खान परवेज खान साकीर खान, पखण्ड अध्यक्ष सरिता देवी, पूर्व मुखिया अनिता देवी साहेबराम महतो रबानी राज युनूस अंसारी पंस सदस्य शीला देवी अजय करमाली संगीता देवी नईम अंसारी, कृष्णा महली बाली महली अजय मुंडा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाघवार एकेडमी की टीम ने गोस्वामी की टीम को हराया

### वेंचर स्किल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** वेंचर स्किल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम रांची में खेले गए एक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी की टीम को एक तरफा मुकाबले में 79 रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 25 ओवरों में बाघवार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 145 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाज आदर्श राज एवं हर्ष राज ने अपनी टीम के लिए 30.30 रनों का योगदान दिया। 145 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी की टीम 21०4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर केवल 66 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम को बधाई दी और कहा कि टीम की इस सफलता का पूरा श्रेय इस टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह को जाता है।



## बेड़ो पंचायत भवन के समीप गुमटी में शटर तोड़कर चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो पंचायत भवन स्थित गुमटी के शूटर को तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना बुधवार की रात्रि की है। इधर गुमटी में हुई चोरी को लेकर भुक्तभोगी महिला आभा देवी ने गुमटी में हुई चोरी को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बुधवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने मेरे दुकान में शटर को तोड़कर दुकान में रखे सामान चुरा लिये।

## भगत टूसू मेला में आयोजित बालिका फुटबॉल में जेपीसी लाधुप टोली की टीम चैंपियन



**अनगड़ा।** भगत टूसू मेला के मौके पर आयोजित बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का फाईनल मैच जेपीसी लाधुप टोली और राईट टू चारी हूजीर के बीच खेला गया, जिसमें जेपीसी लाधुप टोली ने राईट टू चादी हूजीर को हरा कर चैम्पियन बना। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख अनवर खान शिक्षा विद और समाज सेवी डॉ रिझू नायक सिकंदर अंसारी बरतु मुंडा राजू नायक ने चैंपियन टीम को एक खस्सी दो हजार रुपया नकद और ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को छोटा खस्सी एक हजार रुपया नकद और ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया। मैन ऑफ दी मैच का पुरुस्कार देवंती कुमारी को दिया गया। मौके पर बिरजा मुंडा शहजाद अंसारी, सगीर अंसारी, परमानंद साहू, मानक करमाली, सूरज नायक, दीपक मुंडा, रितेश मुंडा, दीपू मुंडा, सूरज करमाली इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# रानीखटंगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

### विकसित भारत का दिलाया गया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के रानीखटंगा पंचायत में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण को देखा। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, मुखिया राजन किस्पोट्टा सहित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभुकों से संवाद का लाइव टेलीकास्ट को देखा। कार्यक्रम में उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, मनरेगा व शौचालय योजना के लाभुकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जॉब कार्ड व कंबल का वितरण किया गया। सांसद दीपक प्रकाश ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। इसके साथ ही इटकी प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का समापन हो गया।



**कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल**

कार्यक्रम में डॉ शिवानंद कांशी, कृष्णा राम तिवारी, राजकुमार महतो, राजेश्वर महतो, बेड़ो मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, तेजू दास, हर्षवर्धन पांडे, बुदू मुंडा, गौतम मुंडा, मनोज महतो, राजेश्वर महतो, बीपीआरओ धनेश्वर राम, बीपीओ संजय कुमार, बीएसओ हेमंत एक्का, धीरज लकड़ा, विकास कुमार, रंजन कुमार, धर्मदास टोप्पो, रूपचंद कुमार, सुजाता सोनी, सुमन बारला, शैम्पू प्रसाद, मजाज अहमद, मेरिप्रतिभा टुडू सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## सांसद आदित्य साहू के प्रदेश महामंत्री बनने पर जिप सदस्य ने दी बधाई

**अनगड़ा।** जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। तथा भाजपा झारखंड प्रदेश का उन्हें पुनः महामंत्री बनाए जाने पर पौधे भेट कर बधाई दी। मौके पर भाजपा नेता रामसाय मुंडा, पूर्व युवा जिला महामंत्री राजू प्रमाणिक, राजेंद्र महतो, जैलेश कुमार महतो, प्रकाश महतो उपस्थित थे।



